डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

28 जून 2017

प्रैस विज्ञप्ति
युवा पुरस्कार 2018

वर्ष 2018 के युवा पुरस्कार के लिए साहित्य अकादेमी अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त समस्त 24 भाषाओं में 35 वर्ष तथा इससे कम उम्र के युवा भारतीय लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकों/रचनाओं को आमंत्रित करती है। आवेदक/लेखक की उम्र 1 जनवरी 2018 को 35 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2017 है। पुस्तकों के साथ लेखक के जन्म–प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी। आवेदन जमा करने की अधिक जानकारी साहित्य अकादेमी की वेबसाइट http://sahitya-akademi.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2011 से भारतीय भाषाओं में 35 वर्ष अथवा उससे कम उम्र के युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु युवा पुरस्कार प्रारंभ किया था। अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त भाषाओं यथा – असमिया, बाङ्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाळम्, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, राजस्थानी, संताली, संस्कृत, सिंधी, तमिळ, तेलुगु तथा उर्दू में युवा भारतीय लेखकों द्वारा रचित श्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाते हैं, इसमें पुरस्कार विजेताओं को 50,000/– रुपये की राशि, एक ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाता है।

(के. श्रीनिवासराव)
सचिव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in